दिनांकः 12.07.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं के सामर्थ्य को भारत के भविष्य के लिए सबसे बड़ी पूंजी बताया–रोज़गार मेले में 51 हज़ार नियुक्ति पत्र वितरित किये
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कोचिंग सेंटर्स की बढ़ती संख्या को गंभीर संकट बताते हुए इससे निपटने की ज़रूरत पर ज़ोर दियां
- राज्य में गंभीर बीमारी के रोगियों के लिए पहली बार **होम बेस्ड केयर यानि घर पर देखभाल** सेवा की शुरूआतं
- मौसम विभाग ने आज बारां, झालावाड़, राजसमंद, सिरोही और उदयपुर में तेज़ बारिश का ऑरेंज अलर्ट और 27 ज़िलों में येलो अलर्ट जारी कियां

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि युवाओं का सामर्थ्य भारत के भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी हैं रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को बताती हैं प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में 51 हज़ार से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के बाद रोज़गार मेले में बोल रहे थें उन्होंने कहा कि सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये आवंटित कर निजी क्षेत्र में रोज़गार प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र और मानव संसाधन देश की प्रभावी ताकतें हैं

.............

16वां रोज़गार मेला देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित किया गयां प्रदेश में अजमेर, बीकानेर, जयपुर और जोधपुर में ये मेले हुएं जोधपुर में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने, बीकानेर में अर्जुनराम मेघवाल ने और अजमेर में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने नियुक्ति पत्र प्रदान कियें इधर, जयपुर में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने नियुक्ति पत्र वितरित कर युवाओं को बधाई दीं मीडिया से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि रोजगार मेलों के जरिए लाखों की संख्या में युवाओं को नौकरियां मिली हैं

.............

रोजगार मेलों के दौरान नियुक्ति पत्र पाने वाले युवा काफी उत्साहित नजर आएं उन्होंने इस पहल के लिए सरकार का आभार जतायां इसके साथ ही राष्ट्र निर्माण के लिए ईमानदारी से कर्तव्य पालन की बात कहीं

.............

.............

.............

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कोचिंग सेंटर्स की बढ़ती संख्या को गंभीर संकट बताया हैं उन्होंने कहा कि ये स्थिति चिंतनीय है और इससे निपटना होगां उपराष्ट्रपति ने कहा कि अंकों की होड़ से कई तरह की मनोवैज्ञानिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं श्री धनखड़ आज कोटा के ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थें उन्होंने कहा कि युवा हमारे देश की सम्पदा हैं हमें तकनीकी नेतृत्व में आगे बढ़ना होगां उपराष्ट्रपति ने युवाओं से नौकरी करने की जगह रोजगार नौकरी देने वाला बनने का आग्रह कियां उन्होंने कहा कि दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं है, बल्कि जीवनभर सीखने का प्रयास करते रहना चाहिएं

.............

समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विद्यार्थियों से शोध पर ध्यान देने की बात कहीं उन्होंने कहा कि ज्ञान का उपयोग सभी लोगों के हित के लिए होना चाहिएं

.............

कार्यक्रम में 189 विद्यार्थियों को उपाधियां दी गईं बीटेक और एमटेक में अव्वल रहने वाले दो विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से नवाजा गयां

000

प्रदेश में 'राइजिंग राजस्थान' निवेश सम्मेलन के तहत हुए समझौतों को धरातल पर उतारने के लिए मिशन मोड पर प्रयास किये जा रहे हैं एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए त्रि स्तरीय व्यवस्था की गई हैं इसके तहत एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि वाले एमओयू की प्रगति की जानकारी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हर महीने ले रहे हैं

सम्मेलन के दौरान हुए करीब 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौतों में से अब तक 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी हैं अक्षय ऊर्जा आधारित परियोजनाओं पर भी सरकार विशेष ध्यान दे रही हैं इसके लिए छह हजार मेगावाट आवर की बैट्री ऊर्जा भंडारण प्रणाली विकसित की जा रही हैं

000

राज्य में गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों के लिए पहली बार **होम बेस्ड केयर यानि घर पर ही देखभाल** की शुरूआत की गई हैं कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने विशेष वाहन को हरी झंडी दिखाकर पाली से इस पहल का शुभारंभ कियां सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि राष्ट्रीय पैलिएटिव केयर कार्यक्रम के तहत ये शुरूआत की गई हैं इस वाहन से प्रशिक्षित चिकित्साकर्मियों की टीमें मरीजों के घर जाकर उनकी देखभाल करेंगीं इस पहल से गंभीर बीमारियों से ग्रस्त उन रोगियों को बड़ा फायदा होगा, जो अस्पताल जाने में असमर्थ हैं अन्य जिलों में भी ये सेवा जल्द शुरू की जाएगीं

000

खाद्य मंत्री सुमित गोदारा आज श्रीगंगानगर दौरे पर रहें उन्होंने रसद विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कीं इस दौरान श्री गोदारा ने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा कर गिवअप अभियान के लिए लोगों को प्रेरित करने के निर्देश दियें उन्होंने कहा कि इसके लिए उचित मूल्य के दुकानदारों से सम्पर्क किया जाए और 31 अगस्त तक ज्यादा से ज्यादा लोगों से स्वेच्छा से नाम हटवाने का आग्रह किया जाएं

000

अजमेर में राष्ट्रीय राजमार्ग–48 पर आज एक हादसे में एक छात्र की मौत हो गई और आठ बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गयें दुर्घटना विजयनगर के पास स्कूल बस और निजी बस के बीच टक्कर से हुईं विजयनगर थाना प्रभारी करण सिंह खंगारोत ने बताया कि हादसा ओवरटेक करने के कारण हुआं

वहीं जयपुर–दिल्ली राजमार्ग पर रोडवेज बस और कंटेनर की टक्कर में बस में सवार 12 यात्री घायल हो गयें हादसा बहरोड़ क्षेत्र के दादा की ढाणी के पास हुआं घायलों को बहरोड़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं

000

हनुमानगढ़ जिले का स्थापना दिवस आज विभिन्न गतिविधियों के साथ समारोह पूर्वक मनाया जा रहा हैं सुबह रन फॉर हनुमानगढ़ हुईं इसके बाद विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करवाया गयां स्थापना दिवस के अवसर पर वुशू सहित कई खेल प्रतियोगिताएं भी रखी गईं वहीं इस समय सेन्ट्रल पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं

000

राज्य के ज्यादातर भागों में अगले एक सप्ताह तक बारिश की गतिविधियों में बढोतरी होने और कुछ भागों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना हैं मौसम विभाग ने आज बारां, झालावाड़, राजसमंद, सिरोही और उदयपुर में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट और 27 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया हैं मौसम केन्द्र, जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि जोधपुर संभाग में अगले तीन दिनों में कहीं–कहीं भारी बारिश और जयपुर तथा भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में मध्यम से तेज बरसात के आसार हैं

.............

प्रदेश के जल स्त्रोतों में करीब 58 प्रतिशत पानी की आवक हो चुकी हैं छोटे–बड़े 693 बांधों में से 76 लबालब हैं वहीं 406 बांध आंशिक रूप से भर गये हैं

000

प्रदेश में हरित क्षेत्र को बढाने के लिए मॉनसून के दौरान व्यापक स्तर पर पौधे रोपे जा रहे हैं सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, कार्यालयों में पौधरोपण की मुहिम जारी हैं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत बाडमेर के रतासर में आज स्कूली बच्चों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दियां वहीं बालोतरा के

असाड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पौधे लगाये गयें पाली के हेमावास गांव की गोशाला में पौधारोपण अभियान का आग़ाज़ हुआं बांसवाड़ा के अमरथून में भी बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुएं

000